>

Title: Regarding Ram Janma-bhumi Babri Masjid.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन और पूरे देश का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण, संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। 482 वर्षों से पूरे देश की जनता को, पूरे देश और पूरी दुनिया में रहने वाले सनातन धर्म के अनुयायियों को जिस मुद्दे ने प्रभावित किया है, जिस मुद्दे के साथ लगातार लोगों की संवेदनाएं जुड़ी रही हैं, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के उस महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 30 सितंबर, 2010 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ, पूर्ण पीठ ने तमाम तथ्यों और साक्ष्यों को देखते हुए यह निर्णय दिया है कि वहां जो विवादित स्थल है, वह श्री राम जन्मभूमि का है।

महोदया, वर्ष 1993 में तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय से एक राय मांगी थी कि क्या वर्ष 1528 से पहले उस विवादित स्थल पर कोई हिन्दू मंदिर या हिन्दू धार्मिक स्थल था या नहीं? उच्चतम न्यायालय में उस मामले की सुनवाई हुई थी, उच्चतम न्यायालय ने उसकी सुनवाई के बाद उस मामले को उस विशेष पीठ के पास भेज दिया था, जिसने 30 सितंबर, 2010 को अपना निर्णय दिया है। वर्ष 1994 में तत्कालीन केन्द्र की सरकार, जो कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, ने उच्चतम न्यायालय में एक शपथ पत्र दाखिल करके कहा था कि अगर यह साबित हो जाता है कि अगर वर्ष 1528 से पहले उस स्थल के नीचे कोई हिन्दू मंदिर या हिन्दू ढांचा या स्मारक रहा है, तो केन्द्र सरकार हिन्दू भावनाओं के अनुरूप कार्य करेगी। …(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदया, यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

योगी आदित्यनाथ : महोदया, अब मैं एक बार पुनः केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने यह साबित कर दिया है कि वह विवादित स्थल ही श्री राम जन्मभूमि है, इसलिए केन्द्र सरकार उच्चतम न्यायालय में दिए गए अपने शपथ पत्र के अनुरूप कार्यवाही करे और अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करके इस देश में सामाजिक सौहार्द्र बनाने की दिशा में अग्रसर हो और सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए वहां आगे की कार्यवाही प्रारंभ करे।…(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार :महोदया, यह मामला कोर्ट में है।

श्री मुलायम सिंह यादव : महोदया, मैं एक बात कहना चाहता हूं।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग शान्त हो जाइए।

श्री अधीर चौधरी ।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam Speaker, …(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : महोदया, मैं एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा।

अध्यक्ष महोदया : पहले माननीय सदस्य को अपनी बात समाप्त करने दीजिए।

श्री मुलायम सिंह यादव: महोदया, महंत जी ने बहुत अच्छी बात कही है, लेकिन उसमें एक बात गलत है।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप क्या बोलेंगे?

श्री मुलायम सिंह यादव : महोदया, मैं एक ही बात कहूंगा।

महंत जी, आप बता दो आपका जन्म कहां हुआ था? उस जमीन को हम देखेंगे जहां आपका जन्म हुआ था।

अध्यक्ष महोदया : आप उनसे मत बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, अब आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्री मुलायम सिंह यादव, अब आप बैठ जाइए।

श्री अधीर चौधरी जी, आप बोलिए।